## खबर संक्षेप

### भरहुत नगर की अमृत कॉलोनी में बड़ी चोरी, पटवारी के घर वारदात

**सतना।** शहर के भरहुत नगर के पीछे स्थित अमृत कॉलोनी में एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। यह चोरी पटवारी रामशिरोमणि डोहर के घर हुई। घटना के संबंध में अधिक जानकारी प्रतीक्षित है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कैलाशपुर में बड़ा हादसा टला, बिजली का खंभा बल्ली के सहारे रुका

**सतना।** कोठी डीसी विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम कैलाशपुर के वार्ड क्र. 4 में एक बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। यहां एक बिजली का खंभा पिछले एक हफ्ते से झुका हुआ है और उसे लकड़ी की बल्ली के सहारे रोका गया है। स्थानीय लोगों द्वारा कोठी जेई को लगातार सूचना दिए जाने के बावजूद,इस खतरे को आमंत्रण देते बिजली के पोल को ठीक नहीं किया गया है।

### चित्रकूट बस स्टैंड पर अवैध ओवरलोड बालू से लदा बिना नंबर का ट्रेलर पलटा

**सतना।** चित्रकूट स्थित बस स्टैंड में अवैध ओवरलोड बालू से लदा एक बिना नंबर का ट्रेलर पलट गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। आरोप है कि सड़क निर्माण की आड़ लेकर अवैध बालू और गिट्टी माफियाओं का कारोबार जोरों पर है,जबकि प्रशासन इससे बेखबर है। सड़क निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है,और चित्रकूट में आए दिन जगह-जगह जाम लगता रहता है। इसके बावजूद,यूपी से बिना टीपी (ट्रांजिट परमिट) की अवैध बालू चित्रकूट लाकर बेची जा रही है।

### नागौद एसडीओपी ऑफिस के सामने कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, लड़की की हालत गंभीर

**नागौद।** नागौद में एसडीओपी ऑफिस के सामने एक कार सवार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल लड़की को तत्काल प्राइवेट वाहन से अस्पताल भिजवाया गया,जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### अमरपाटन में तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

**सतना।** अमरपाटन गढ़ी के पास स्थित बड़े तालाब में नहाते वक्त डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान मंसूरी मोहल्ला निवासी छोट बल्ला खान के रूप में हुई है। उन्हें सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया,जहां डॉक्टर ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य आज सतना आयेंगे

**सतना।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो 6 अक्टूबर को सतना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार सदस्य प्रियांक कानूनगो दोपहर 1 बजे सतना पहुंचकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं संबंधित जिला,ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। सदस्य प्रियांक कानूनगो सायं 5 बजे चित्रकूट पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। प्रवास के दूसरे दिन 7 अक्टूबर को सदस्य प्रियांक कानूनगो चित्रकूट में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। सदस्य प्रियांक कानूनगो दोपहर 1 बजे चित्रकूट में स्थानीय जनता सिलिकोसिस रोगियों से बातचीत करने के बाद दोपहर 3 बजे कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेने के पश्चात रात्रि विश्राम करेंगे। प्रवास के तीसरे दिन सदस्य प्रियांक कानूनगो प्रातः 10 बजे चित्रकूट से मंझनपुर,कौशम्बी उत्तरप्रदेश के लिए प्रस्थान करेंगे।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ.मोहन भागवत ने सतना में सिंधी कैंप स्थित मेहर शाह दरबार के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया**

# हम सब एक हैं, सभी हिंदू हैं; अंग्रेजों ने टूटा दर्पण दिखाकर हमें अलग किया': मोहन भागवत

सतना।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ.मोहन भागवत ने सतना में सिंधी कैंप स्थित मेहर शाह दरबार के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए एकता और हिंदुत्व पर ज़ोर दिया,साथ ही सिंधी समाज के इतिहास और पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ.भागवत ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा,हम सब एक हैं,सभी सनातनी और हिंदू हैं। उन्होंने विभाजन की बात करते हुए कहा कि एक अंग्रेज ने हमें टूटा हुआ दर्पण दिखाकर अलग-अलग कर दिया था।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आज हमें अच्छे दर्पण में देखकर एक होने की आवश्यकता है,और जब हम आध्यात्मिक परंपरा वाला दर्पण देखेंगे तो एक दिखेंगे। उन्होंने इसे दिखाने वाले





गुरुओं को महत्व देते हुए कहा कि हमें अपना अहंकार छोड़कर स्वयं को देखना चाहिए।

### सिंधी समाज और भारत की एकता

आरएसएस प्रमुख ने सिंधी भाई-बहनों का उल्लेख करते हुए कहा कि सिंधी भाई पाकिस्तान नहीं गए हैं,वे विभाजित भारत गए थे। यह बात नई पीढ़ी तक जानी चाहिए,क्योंकि हमारा घर है,परिस्थितियों ने हमें भेजा था। वह घर और यह घर अलग नहीं है,पूरा भारतवर्ष एक घर है। उन्होंने सिंधी समाज के लोगों को हमारा ही बताते हुए कहा कि हमारे घर में किसी ने कब्जा कर लिया। हमें एकजुट होकर अपना घर कब्जा करना होगा।

### पारंपरिक वेशभूषा और भाषा का महत्व

*भागवत ने लोगों से अपनी पारंपरिक वेशभूषा,भाषा,रहन-सहन याद रखने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि हो सके तो जीवन में हमेशा इसका ध्यान रखें,नहीं तो त्योहार पर विशेष दिन पर अपना पारंपरिक वेश धारण करना चाहिए। इसके साथ ही,उन्होंने हर व्यक्ति को तीन भाषाओं का ज्ञान होने की आवश्यकता बताई,जिनमें राष्ट्र भाषा और क्षेत्रीय भाषा शामिल होनी चाहिए। उन्होंने अंत में कहा कि हमें भारत के स्व एवं स्वयं के स्व को जीवित करना चाहिए। इस अवसर पर कई संत और राजनेता भी उपस्थित थे।*

**मैहर गौरव दिवस पर दिखा श्रद्धा और भव्यता का अद्भुत संगम**

# मैहर की 5 किमी लंबी चुनर यात्रा बनी विश्व रिकॉर्ड एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में हुई दर्ज





**मैहर।** मैहर के गौरव दिवस पर श्रद्धा और भव्यता का अद्भुत संगम देखने को मिला।मां शारदा देवी के चरणों में निकाली गई 5 किलोमीटर लंबी चुनर यात्रा ने इतिहास रच दिया है। यह यात्रा एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होकर विश्व रिकॉर्ड बन गई। यह आयोजन 5अक्टूबर 2025को मैहर जिला बनने की द्वितीय वर्षगांठ स्थापना दिवस,यानी गौरव दिवस के रूप में,सम्पूर्ण मैहर जिला की सहभागिता के साथ मनाया गया। यात्रा की शुरुआत मां शारदा देवी मंदिर डेवढ़ी से हुई और लगभग 5 किलोमीटर के चूनर यात्रा मार्ग में पीली पोशाक में लोक नर्तक के दल देवी भक्ति के गीत गाते नाचते हुए चल रहे थे। पहाड़ों के रास्ते होते हुए चुनर यात्रा मुख्य मंदिर तक पहुंची। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रभारी मंत्री राधा सिंह,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के कुशल मार्गदर्शन में एडीएम शैलेन्द्र सिंह,एसडीएम दिव्या पटेल,तहसीलदार जितेंद्र पटेल सहित जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारी,जनप्रतिनिधि और हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। एशिया लिम्का बुक ऑफ द रिकॉर्ड के नाम यह चुनर यात्रा दर्ज की गई,जिसका सर्टिफिकेट मंत्री एवं विधायक को प्रदान किया गया।



# विद्युत समस्या और कानूनी बिंदुओं पर हुआ सेमिनार

### मैहर संभाग में अधिवक्ताओं और विभागीय अधिकारियों की बैठक संपन्न

**मैहर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मैहर संभाग में विधिक बैठक एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। रविवार को कार्यपालन अभियंता कार्यालय मैहर संभाग में मैहर एवं नागौद संभाग अंतर्गत समस्त विद्युत वितरण केंद्र के पैनल अधिवक्ताओं एवं कार्य पालन अभियंता,सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विद्युत चोरी एवं विद्युत चोरी के प्रकरणों की विधिक जानकारी एवं अन्य कानूनी बिदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कार्यपालन अभियंता प्रशान्त सिंह,कनिष्ट अभियंता शिवनारायण त्रिपाठी,बीके सुमन,शाह आलम खान,अनुराग पांडे,सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव,विवेकानंद द्विवेदी सहित अधिवक्ताओं में एडवोकेट डीके गौतम,एडवोकेट धीरेंद्र कुमार मिश्रा,एडवोकेट प्रतीक श्रीवास्तव,एडवोकेट सोमेन्द्र सिंह,एडवोकेट राजीव शुक्ला,एडवोकेट विकास गौतम और एडवोकेट गणेश मिश्रा आदि विभागीय अधिकारी और अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य आज मैहर आयेंगे

**मैहर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो 6 अक्टूबर को मैहर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार सदस्य प्रियांक कानूनगो मानवाधिकारों और समावेशी विकास से संबंधित प्रमुख विषयगत क्षेत्रों के कार्यान्वयन की स्थिति और जमीनी स्तर की वास्तविकता की व्यापक समीक्षा करेंगे। जिसमें रोजगार एवं कौशल विकास का अधिकार,बच्चों के अधिकारी और किशोर न्याय प्रणाली,मानव तस्करी,वृद्ध व्यक्तियों एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार,विकलांग व्यक्तियों के अधिकार,पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय स्वशासन निकायों का कामकाज खेल और मानवअधिकारी,सांस्कृतिक, दार्शनिक और कलात्मक अभिव्यक्तियों में मानवधिकार बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) की समीक्षा करेंगे। यह समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में 6 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित की जायेगी।

# दर्शकों ने भक्ति भाव से देखा माता शबरी के जीवन की सजीव गाथा

### 'भक्ति मति शबरी' का शानदार मंचन,नवधा भक्ति की पराकाष्ठा को उकेरा

**सतना।** राम कथा साहित्य में वर्णित चरित्रों की वनवासी लीला भक्ति मति शबरी का प्रसंग देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। बांधव कुंज,सतना के सांस्कृतिक लीला मंच में दर्शकों ने पूरे भक्ति भाव से माता शबरी के जीवन की सजीव गाथा को देखा। लोकरंग समिति सतना के कलाकारों ने मंच पर प्रेम और भक्ति की पराकाष्ठा को उकेर दिया। अपने गुरु की आज्ञानुसार शबरी ने पूरा जीवन भगवान श्री राम की प्रतीक्षा में बिता दिया। और जब प्रभु ने उसे दर्शन दिए,तो नवधा भक्ति और प्रेम भाव से परोसे जूठे बेर युग-युगांतर का उदाहरण बन गए।



शबरी के लीला प्रसंग में कुल 38 पात्रों ने किरदार निभाया,जिनमें द्वारिका दाहिया,राम बहादुर दाहिया,दिव्यांश दाहिया,अनामिका दाहिया,देवेश दाहिया, अभिजीत आर्या सहित समिति के कई अन्य कलाकार शामिल रहे। वनवासी लीला का अवलोकन करने शहर के तमाम गणमान्य नागरिकों के साथ धनराज गुप्ता,विजय मुरारका,निर्मल मिश्रा एवं पार्षद सुरेन्द्र उपस्थित रहे। भक्ति रस की इस धारा का आलेख योगेश त्रिपाठी ने तैयार किया,संगीत निर्देशन मिलिंद त्रिवेदी ने किया एवं लीला का निर्देशन सविता दाहिया ने किया।लीला मंचन के बाद शिव शक्ति सेवा समिति द्वारा रावण दहन करवाया गया,तत्पश्चात श्रीराम आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# रैगांव में महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित, 60 से अधिक महिलाओं का परीक्षण




सतना।

भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित "स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा (17 सितंबर से 02अक्टूबर),आठवां पोषण आहार माह एवं "स्वस्थ आहार" (ईट राइट) अभियान के तहत दिनांक 30 सितंबर 2025 को ग्राम पंचायत रैगांव,ब्लॉक सोहावल में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर इंजी.अनंत सोनी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से महिला विकास प्रकोष्ठ (डब्ल्यू.डी.सी.),राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एकेएस विश्वविद्यालय तथा स्वास्थ्य विभाग,जिला सतना के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान एवं उनके समाधान को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान 60 से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया,जिसमें रक्तचाप (ब्लड प्रेशर),रक्त शर्करा स्तर (शुगर लेवल) एवं अल्परक्तता (एनीमिया) की जांच प्रमुख रूप से की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को संतुलित आहार,व्यक्तिगत स्वच्छता एवं समय पर उपचार की महत्ता के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ.अपर्णा (स्त्री रोग विशेषज्ञ),छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर महेंद्र कुमार तिवारी,डॉ.प्रियंका बागरी (निदेशक,महिला विकास प्रकोष्ठ),श्रीमती सोनल राहुल सिंह (सरपंच,रैगांव) एवं डॉ.आशीष त्रिपाठी (प्रभारी,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रैगांव) की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया एवं उपस्थित महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ.प्रियंका बागरी (निदेशक,महिला विकास प्रकोष्ठ) ने कहा कि "महिलाओं का स्वास्थ्य ही परिवार की शक्ति है। यदि नारी स्वस्थ होगी तो परिवार,समाज और राष्ट्र स्वतः ही सशक्त बन जाएगा।"शिविर में ग्रामीण महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। उन्होंने विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं एवं नियमित स्वास्थ्य जांच का संकल्प लिया।

# शास्त्री चौक नवदुर्गा उत्सव समिति ने किया सेवाभावी लोगों का सम्मान



पंडाल, प्रतिमा और व्यवस्था में योगदान देने के लिए किया गया सम्मानित



सतना।

शास्त्री चौक नवदुर्गा उत्सव समिति एवं व्यापारी संघ सतना के द्वारा प्रकाश कनोडीया को पंडाल एवं दुर्गा प्रीतिमा के लिए और ध्रुव सोनी को उनकी मेहनत और व्यवस्था के लिए पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनोज रजक,पुरुषोत्तमदास अग्रवाल,अजय चंदानी,टीनू अग्रवाल,गणेश सोनी,मनोज अग्रवाल,तरुण मिश्रा,अंकुर सेठ,हर्ष सोनी,शुभम मंगल,बाला प्रसाद सोनी,आलोक जैन,गोलू गुप्ता, सुनील अग्रवाल और अजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

# प्रो. कमला प्रसाद स्मृति 'सम्मान समारोह' एवं प्रो.सेवाराम की पुस्तकों पर होगी परिचर्चा

### नागौद में 12 अक्टूबर को आयोजित होगा कार्यक्रम,साहित्यकारों का होगा जमावड़ा

**सतना।** प्रो.कमला प्रसाद स्मृति सम्मान समारोह के तहत आलोचना सम्मान प्रदान करने एवं प्रो. सेवा राम त्रिपाठी की पुस्तकों पर परिचर्चा हेतु कार्यक्रम का आयोजन आगामी 12अक्टूबर दिन रविवार को नागौद के मिडवे ट्रीट होटल में सुबह 12.30 बजे से सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बस्ती गोरखपुर के प्रो.अष्टभुजा शुक्ला एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो.सेवाराम त्रिपाठी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रो.आशीष त्रिपाठी,डॉ.माया मिश्रा भोपाल,इंदु



श्रीवास्तव जबलपुर,पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौरा बाद,शिवशंकर मिश्र सरस सीधी,एड.संतोष खरे शामिल होंगे। इस संबंध में कार्यकम की रूपरेखा निर्धारण हेतु प्रगतिशील लेखक संघ इकाई नागौद द्वारा एक बैठक आयोजित की गई,जिसका संचालन इकाई अध्यक्ष एड.रमाकान्त मिश्र व आभार इकाई महासचिव पुष्कर शरण सिंह ने किया। गोष्ठी का समापन सरस काव्य संध्या के साथ हुआ,जिसमें बालेंदु प्रभाकर मिश्र, कु.अजीत सिंह,कलिका प्रसाद त्रिपाठी ने रचनाओं का पाठ किया।

## हादसे के बाद आक्रोश, शोक की लहर में डूबा नगर

# बहु -ससुर की करंट लगने से मौत

जिले के शाहनगर मुख्यालय के स्थानिय केन नदी के किनारे खेतों मे चारा काट रही महिला को खेत पर करंट लगने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई जबकी बहु को बचाने के लिये गये ससुर की भी करंट की चपेट में आने से उसकी भी दर्दनाक मौत हो गई है।

पन्ना।





दोहरी मोत की खबर सुनते ही शाहनगर सहित समूचे अंचल मे शोक की लहर दौड गई। घटना की जानकारी परिजनों को मिली और तत्काल पीडितों को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के फरियादी म्रतक के बेटे संतोष साहु पिता रज्जु साहु उम्र 45 वर्ष ने थाना शाहनगर पहूंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई की हमारा खेत शाहनगर से निकलने वाली केन नदी के पास लगभग आधा किलोमीटर दूर धनवाही हार में है, जहां खेत पर लगी धान की तकवारी करने शनिवार को गये हुये थे। कुछ देर बाद मेरी पत्नी भी मवेशियों को चारा लेने उन्ही हार के खेतों में गई हुई थी और अपने ससुर से कहकर की में चारा काटने खेत पर जा रही हूं। बस कुछ ही दूरी खेत की मेढ पर चारा काट रही थी की तभी खेत मे धडाम से मेरी पत्नी के गिरने की अवाज सुनकर मेरे पिता रज्जु साहू पति सेवालाल साहु उम्र 65 वर्ष निवासी साहु मोहल्ला बोरी रोड शाहनगर गये थे। खेत की तकवारी कर रहे थे कुछ समय बाद मेरी पत्नी आशा बाई पति संतोष साहु उम्र 35वर्ष निवासी साहु मुहल्ला बोरी रोड शाहनगर भी खेत में चारा काटने पहूच गई तभी करंट की चपेट में आ गई और जमीन पर गिर गई। पिता ने सोचा की शायद किसी जीव जंन्तु के काटने से यह गिर पडी है और उसे उठाने पहूचे और हाथ पकडकर जैसे ही मेरी पत्नी आशा बाई को उठाने लगे तो वह भी मुर्छीत होकर गिर पडे आस - पास खेतों के किसान तत्काल दौडे और विद्युत कर्मचारियों को फोन पर सूचना दी तत्काल शाहनगर कनिष्ठ यंत्री ने विद्युत लाईन बंन्द कराई और मौके पर परिजनों सहित सभी स्थानिय किसान पहूंचे और सभी ने मिलकर दोनों लोगों को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां बी एम ओ सर्वेश लोधी ने दोनों को चैकअप करते हुये म्रत घोषित कर दिया।

### इनका कहना है

शाहनगर मुख्यालय के बोरी रोड मे निवासरत बहु और ससुर की मौत करंट लगने से हुई है मर्ग कायम कर दोनों शवों का पीएम करा दिया गया और लाश परिजनों को सोंप दी गयी है।

**मनोज यादव**
**थाना प्रभारी शाहनगर**

## आरएसएस शताब्दी वर्ष पर भव्य आयोजन, नगर में स्वयंसेवकों का अनुशासन दिखा, जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत




पवई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जगदीश स्वामी मंदिर परिसर में किया गया, जहां सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में एकत्र हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश साहू, मुख्य वक्ता के रूप में जिला संचालक रुद्रप्रताप यादव, एवं खंड संचालक धनराज सिंह भदौरिया उपस्थित रहे। प्रारंभ में संघ प्रार्थना और संपत कार्यक्रम के बाद बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता रुद्रप्रताप यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आरएसएस का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और नवसंकल्प का अवसर है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज में संस्कारित नागरिक तैयार कर राष्ट्र को मजबूत बनाना है। मुख्य अतिथि रमेश साहू ने संघ की अनुशासन और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि संघ ने समाज में एकता और राष्ट्रीय चेतना को प्रबल बनाया है।बौद्धिक कार्यक्रम के बाद नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियों और एकरूप वेशभूषा ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। संचलन मार्ग पर नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बच्चों और महिलाओं ने भी घरों से फूल बरसाकर उत्साह व्यक्त किया। संपूर्ण नगर "भारत माता की जय" और "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा। पथ संचलन के दौरान अनुशासन और संगठन की मिसाल प्रस्तुत करते स्वयंसेवक जनमानस के लिए प्रेरणा बने। कार्यक्रम के समापन पर संघ गीत के साथ स्वयंसेवकों ने राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया। आयोजन में नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। पूरा आयोजन अनुशासन, एकता और राष्ट्रभावना का सजीव उदाहरण रहा, जिसने नगर में देशभक्ति की नई ऊर्जा का संचार किया।

### आरोपी के कब्जे से 6 पशु एवं वाहन सहित 11 लाख से अधिक का मशरूका जप्त

## पुलिस की अवैध पशु परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों, पशु क्रूरता एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध सतत अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत थाना रैपुरा पुलिस द्वारा अवैध पशु परिवहन एवं पशु क्रूरता की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, दिनांक 04 अक्टूबर 2025 को थाना प्रभारी रैपुरा उप निरीक्षक संतोष सिंह यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से पशुओं को भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को



अवगत कराते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चैहान एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा तखोरी के पास संदिग्ध पिकअप वाहन (क्रमांक न्च 90 म्ज 7714) को रोककर चेक किया गया। वाहन की तलाशी के दौरान उसमें 03 नग भैंस एवं 03 नग पड़ा निर्दयता पूर्वक ठूंसदूंस कर भरकर ले जाए जा रहे थे। वाहन चालक को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया।आरोपी के विरुद्ध थाना रैपुरा में अपराध क्रमांक 234/25, धारा 11(1) पशु क्रूरता अधिनियम एवं 66/192 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वाहन एवं पशुओं को जब्त किया गया है।

**आरोपी का नाम पता-** राजबहादुर लोधी, पिता- शैलेंद्र लोधी, उम्र- 39 वर्ष, निवासी दृ गोलपुरवा, थाना कलेजर, जिला बांदा (उ.प्र.)।

जप्त समग्री - आरोपी के कब्जे से 03 नग भैंस एवं 03 नग पड़ा सहित परिवहन कर रहे वाहन पिकअप को जप्त किया गया कुल मसरूका कीमती करीब 11,20,000/- का जप्त किया गया।

**सराहनीय योगदान** - उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उ.नि. संतोष सिंह यादव, प्र.आर. धीरेंद्र सिंह, रवि खरे, आरक्षक राहुल सिंह, द्वारका अहिरवार तथा ग्राम रक्षा समिति सदस्य महेश रैकवार का सराहनीय योगदान रहा।

### ब्रह्माकुमारी दीदी के बताए हुए रास्ते पर चलने का लिया दृढ़ संकल्प

## ब्रह्माकुमारी अवधेश दीदी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित





### श्रेष्ठ संकल्पों की धनी अवधेश दीदी सीता बहन कुमारी

पन्ना।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना में ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी आदरणीय अवधेश दीदी का श्रद्धांजलि का कार्यक्रम संपूर्ण हुआ, बहन जी ने राज योगिनी अवधेश दीदी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आप बहुत श्रेष्ठ महान श्रेष्ठ संकल्पना की धनी थी आपके अंदर करुणा, दया, मातृत्व, सहनशीलता की मूरत एवं ऐसे अनेक दिव्य गुणो से भरपूर थी, आप मध्य प्रदेश की मुख्य संचालिका( ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र) थी आपके अंदर सेवा समर्पण और निष्ठा का भाव था आपके निर्देशन मार्गदर्शन में ईश्वरीय सेवाओं में अनेक वृद्धि हुई है परमात्मा शिव के ब्रह्म मुख से दिए गए ज्ञान को आपने धारण किया एवं अनेक बहनों को इस मार्ग पर चलने के निमित्त बनाया। बचपन से ही आपके अंदर बेहद प्यार भगवान से था रोजाना ही सपनों में देवलोक में जाना रहना आप देखती रहती थी लौकिक शादी से नफरत थी मन में एक ही गीत गुनगुनाया करती थी कि शिव संग ब्याह रचाऊं, नहीं तो कुंवारी ही रह जाऊं देश की सेवा करना चाहती थी इसी भावनाओं को लेकर 10 वर्ष की आयु में आपने सेवा में इंदिरा गांधी जी को पत्र लिखा कि मैं देश की सेवा करना चाहती हूं, और फिर मात्र 14 साल की आयु में ईश्वरीय सेवा में समर्पित हो गई सभी ने अवधेश दीदी के बताए हुए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प,भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी एवं सभी ने बाद में ब्रह्मा भोजन स्वीकार किया इस कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे एवं सभी ने अवधेश दीदी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत नर तेंदुआ की मृत्यु

पन्ना। दिनांक 03.10.2025 को परिक्षेत्र गहरीघाट अन्तर्गत वन क्षेत्र में एक नर तेंदुआ मृत पाया गया। मौके पर पाये गये साक्ष्यो एवं तेंदुए के शरीर पर पाये गये जख्मो से तेंदुये की मृत्यु किसी मॉसाहारी वन्यजीव से आपसी संघर्ष से होना प्रतीत होती हैं। मौके से तेंदुए के शव को सम्पूर्ण अंगो सहित जप्त करने व आवश्यक कार्यवाही में शाम होने के कारण राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली के गाइडलाइन अनुसार रात्रि में शव परीक्षण एवं विच्छेदन की कार्यवाही न कर पाने के कारण शव को सुरक्षित बड़ोर स्थित वाइल्डलाइफ हेल्थ एण्ड ट्रीटमेंट सेटर, कौं मर्चुरी में सुरक्षित रखा गया



जहां उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व एवं सहायक पन्ना द्वारा तेंदुए का निरीक्षण कर उसकी सुरक्षा हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। दिनांक 04.10.2025 को तेंदुए का शव परीक्षण, डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी, पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा क्षेत्र संचालक की उपस्थिति में किया गया एवं आवश्यक सेम्पल एकत्रित किये गये। जिसके उपरान्त बड़ौर रेस्क्यू सेंटर के पास उक्त तेंदुए का सभी अंगो सहित अंतिम संस्कार (शव विनिष्टीकरण) श्री नरेश यादव, क्षेत्र संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, सहायक संचालक पन्ना, परिक्षेत्र अधिकारी गहरीघाट/हिनौता, सरपंच बड़ोर, भारतीय वन्यजीव संस्थान के शोध सहायक एवं उपस्थित स्टाफ की उपस्थिति में किया गया।



## कलेक्टर ने प्राणनाथ मंदिर पहुंचकर शरद पूर्णिमा पर्व की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पन्ना।



कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार, 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर्व एवं प्रणामी सम्प्रदाय के अन्य उत्सवों के दृष्टिगत शनिवार की शाम स्थानीय प्राणनाथ मंदिर पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सहित पर्व के मद्देनजर की जाने वाली अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर के अलग-अलग गेट से प्रवेश व निकास व्यवस्था सहित वाहन पार्किंग, निर्धारित परिधि में पूजन सामग्री दुकान के संचालन तथा सीसीटीव्ही कैमरा के माध्यम से व्यवस्थाओं की निगरानी सहित मंदिर के बाह्य परिसर में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट तथा श्री जी की सवारी के दौरान बेहतर प्रबंध और लंगर व बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति भी उपस्थित रहे। नवागत जिला कलेक्टर द्वारा खेजड़ा मंदिर पहुंचकर भी व्यवस्थाओं एवं आवश्यक प्रबंध का अवलोकन किया गया।

### ग्राम विकास योजना में सबकी भागीदारी हो - आलोक मार्को

## एस.डी.एम. पहुंचे ग्रामसभा, ग्रामीणों की सुनी समस्यायें





### जमीन में बैठकर समझी जीपीडीपी की प्रक्रिया, बजट को भी समझने का प्रयास किया

### सचिव एवं सरपंच से कहा, योजना निर्माण की प्रक्रिया को बेहतर बनायें

पन्ना।

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के अनुसार अक्टूबर माह में अनिवार्य ग्रामसभायें आयोजित होती है। इसी क्रम में 02 अक्टूबर से चरणबद्ध ग्रामसभाओं का कलेण्डर एस.डी.एम. के आदेश से जारी किये गये है। एस.डी.एम. अजयगढ़ आलोक मार्को ने आज अजयगढ़ के कई ग्रामों सिन्हाई, बरकोला, मोहाना एवं गुमानगंज का भ्रमण कर ग्रामसभा में शामिल हुये एवं ग्रामीण जनों तथा पंचायत से बातचीत की एवं समस्याओं को जाना। जीपीडीपी निर्माण के लिये गठित नियोजन दल के जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर एस.डी.एम. ने पंचायत मित्रों, सचिव एवं सरपंचों से कहा कि जनता की भागीदारी से योजना बने, जिसमें ग्राम का समग्र विकास हो सके। इस दौरान पंचायत मित्र हिमांशु शर्मा, आरती सिंह, रोशनी एवं किशोरी लाल से मुलाकात की। पंचायत मित्रों द्वारा तैयार किया गया ग्राम गतिविधि रजिस्टर का भी अवलोकन किया एवं ग्राम विकास कार्ययोजना में जोड़ने के निर्देश पंचायत के सचिवों को दिये। उन्होने ग्राम गतिविधि रजिस्टर देखकर समर्थन के काम की सराहना की। एस.डी.एम. की उपस्थिति में गुमानगंज में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें ग्राम के नागरिकों ने ग्रामसभा आयोजन स्थल को साफ किया। इसके बाद एस.डी.एम. जमीन पर बैठकर ग्राम की समस्याओं को जाना। एस.डी.एम. आलोक मार्को के साथ समर्थन के जिला समन्वयक ज्ञानेन्द्र तिवारी भी इन ग्रामों का भ्रमण कर एस.डी.एम. को संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया एवं चुनौतियों की जानकारी दी। एस.डी.एम. द्वारा जीपीडीपी निर्माण की पूरी प्रक्रिया में समर्थन को सहयोग के लिये कहा एवं आश्वासन दिया कि हम साथ मिलकर आदर्श ग्राम विकास योजना तैयार करें एवं उसे जमीन में उतारें।



## 14 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित

पन्ना। शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में वाहनों का विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में जिला परिवहन कार्यालय एवं यातायात पुलिस के विशेष सहयोग से आज 18 वाहनों की चेकिंग कर 14 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। इसके अलावा यातायात नियमों के उल्लंघन पर गठित टीम द्वारा जांच के दौरान एक ऑटो को जप्त करने

## खबर संक्षेप

### ऑटो चालक ने की मारपीट

**अमानगंज** - पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना मुख्यालय अंतर्गत वार्ड नंबर 3 पटना मोहल्ला के एक 62 वर्षीय आदिवासी वृद्ध के साथ एक ऑटो चालक द्वारा सड़क पर आवारा पशुओं के आ जाने के कारण बुरी - बुरी गालियां देने के साथ लाठी डंडा से मारपीट कर उसे चोटिल कर दिया। घटना के विषय में फरियादी सुरेश पिता चुनक लाल आदिवासी उम्र 62 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 3 पटना मोहल्ला अमानगंज ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि यह पप्पू मुसलमान के खेत में रखवाली का काम करता है, उसके खेत में कुछ आवारा पशु आ पहुंचे जिन्हें खेत से बाहर निकालते हुए सड़क की ओर किया उसी समय आरोपी सुफल यादव निवासी मझगवां शेख अपनी ऑटो लेकर अमानगंज की ओर आ रहा था रास्ते में पशु आ जाने के कारण आरोपी आक्रोशित हो उठा और उसने फरियादी का डंडा छीनकर फरियादी को ही कई डंडे मारे और उसे जाती सूचक शब्दों का उपयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हरिजन एक्ट का अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया।

### पशुपालकों को दी जा रही है नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की जानकारी

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार दुग्ध उत्पादन को दोगुना से अधिक करने और इसके माध्यम से पशुपालक किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग का अमला गांवों में घर-घर जाकर पशुपालकों से व्यक्तिशः संपर्क कर रहा है और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन दे रहा है। साथ ही पशुपालकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को आयोजित हुई ग्राम सभाओं से शुरू हुआ, जो 9 अक्टूबर तक चलेगा। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. नरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अभियान में पशुपालकों को चलित पशु चिकित्सा इकाई 1962 की सुविधा सहित विभाग की योजनाओं जैसे पशु बीमा योजना, पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, पशु स्वास्थ्य संवर्धन, पशु पोषण तथा कृत्रिम गर्भाधान इत्यादि की जानकारी दी जा रही है। साथ ही नवीनतम तकनीक के जरिए दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के उपायों से भी अवगत कराया जा रहा है।

### कलेही माता मंदिर परिसर में संपन्न हुई विश्वकर्मा समाज की बैठक



**पवई।** कलेही माता मंदिर परिसर में रविवार को ब्लाक इकाई पवई द्वारा विश्वकर्मा समाज की बैठक आयोजित की गई। विश्वकर्मा समाज की बैठक कुंज बिहारी विश्वकर्मा सेवा निवृत्त कृषि विकास अधिकारी एवं पूर्व अध्यक्ष निर्भय विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई,जिसमें सभी विश्वकर्मा समाज के उपस्थित बंधुओ द्वारा देशराज विश्वकर्मा सेवानिवृत्ति सचिव को विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष की घोषणा की गई एवं राम गोपाल विश्वकर्मा पवई को उपाध्यक्ष पद एवं बृजेश कुमार विश्वकर्मा को सचिव एवं समाज के प्रभु दयाल पूर्व अध्यक्ष मुन्ना लाल विश्वकर्मा नीलेश ,नत्थू विश्वकर्मा खमरिया नोने लाल ,संतोष विश्वकर्मा प्रहलाद विश्वकर्मा,राम कृष्ण,राम सजीवन हेतराम रघुनाथ मनोज राजकुमार सोनेलाल सुनील तेज बहादुर चंद्रभान रामस्वरूप लाल श्यामलाल परसोत्तम भागवत कमलेश आदित्य राजेंद्र भाइयों दिनेश सुरेश संदीप महेश मनोज कौशलेंद्र एवं समस्त विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे।

### गौवंश को गौशाला में शिफ्ट कराने के निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने नगर पालिका परिषद पन्ना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शहर के बायपास पर डाले गए कचरे का ढेर हटवाने एवं उक्त सड़क के आसपास के गायों को दो दिवस में गौशाला में शिफ्ट कराने के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर द्वारा नगर भ्रमण के दौरान नगर के बायपास पर कचरे का ढेर और अधिक संख्या में सड़कों में पशु एवं गौवंश पाए गए थे। ग्राम सिमरा में कचरा प्रसंस्करण के लिए भूमि का चिन्हांकन किया जा चुका है। पूर्व में निर्देशों के बावजूद अब तक नगर पालिका द्वारा नवीन स्थल पर कचरे के ढेर को शिफ्ट नहीं कराया गया। गत 10 जुलाई को सड़कों से निराश्रित गौवंश के विस्थापन संबंधी जारी आदेश के पालन में नगर पालिका द्वारा इसके क्रियान्वयन में भी लापरवाही बरती गई।

खबर संक्षेप

## कटरा गांव में हो सकता है गंभीर हादसा

**ग्रामीण बोले- कई शिकायतों के बाद भी नहीं हुई सुनवाई**

**छतरपुर।** जिले मुख्यालय के समीपी ग्राम कटरा में लापरवाही और अनदेखी का मामला सामने आया है। दरअसल यहां गांव के मेन रोड पर स्थित सार्वजनिक कुआं जर्जर हालत में गिर चुका है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। बीते रोज इस कुएं में एक गाय के गिर जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कुएं की दीवार लंबे समय से क्षतिग्रस्त थी और वह लगातार ग्राम पंचायत को इस समस्या से अवगत करा रहे थे, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि सरपंच को कई बार मौखिक और लिखित शिकायत देने के बाद भी उन्होंने इस गंभीर खतरे पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि आज एक गाय कुंए में गिरी है, कल कोई इंसान भी गिर सकता है। लोगों का कहना है कि यह कुआं मुख्य मार्ग पर होने के कारण किसी भी राहगीर या बच्चे के गिरने से जानमाल की हानि हो सकती है। गांव वालों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस कुएं की मरम्मत या सुरक्षा घेराबंदी की जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।

## पटेरा क्षेत्र में एक भी सोयाबीन खरीदी पंजीयन केंद्र नहीं

**भटक रहे किसानों में आक्रोश**

**पटेरा।** पटेरा तहसील क्षेत्र में धान खरीदी पंजीयन के तो तीन केंद्र बनाये गये है जबकि सोयाबीन खरीदी का एक भी पंजीयन केंद्र नहीं बनाये जाने से कृषकों में आक्रोश माहौल है। कृषक धान खरीदी पंजीयन केंद्र पहुंच कर सोयाबीन के पंजीयन की बात करते है। आपरेटर द्वारा मना करने पर वह नाराज हो कर नेताओं अधिकारियों की धौंस दे कर कार्यवाही की धमकी देते है। शासन प्रशासन की पटेरा क्षेत्र के किसानो के साथ इस प्रकार का सौतेला व्यवहार ठीक नहीं है। शीघ्र ही पटेरा में सोयाबीन पंजीयन केंद्र बनाये जाने की मांग की है।

## ग्राम खिरिया छक्का में अभियान का किया शुभारंभ

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 02 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 09 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के तहत कल मेरे द्वारा नरसिंपुर जिले के गाडरवारा में किया गया और इसी तारतम्य में दमोह जिले की पथरिया विधानसभा के ग्राम खिरिया छक्का में इस अभियान का प्रारंभ किया गया।

## 14 पेंटी अवैध शराब पकड़ी गई

**हरिभूमि न्यूज:पथरिया**
विगत दिवस अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही की गई पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, अनुविभागीय अधिकारी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरिया अमित मिश्रा व उनकी टीम को शहर में हो रही अवैध शराब की बिक्री के आरोपियों की तलाश पतारसी में लगाया था। विगत दिनों पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम तरावली में सुनील पिता चेतराम पटैल उम्र 30 साल निवासी ग्राम तरावली थाना पथरिया के खेत मे बने मकान में अधिक मात्रा में शराब रखी हुई है जिसे वह आसपास के क्षेत्र में बिक्री कर रहा है, मुखबिर की सूचना की तस्दीक की गई मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की गई जिससे आरोपी के पास से 14 पेटी अवैध शराब कीमती करीबन 70 हजार रूपये जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी सुनील पिता चेतराम पटैल उम्र 30 साल निवासी ग्राम तरावली थाना पथरिया को दिनांक 03.10.25 को गिरफ्तार कर 04.10.25 को माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी व स्टाफ मौजूद रहा। हालांकि उक्त कार्यवाही को लेकर जनचर्चा का विषय बना हुआ है वही विगत दिनों 2 बार जुआं फड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलें के अन्य पुलिस द्वारा पकड़ा गया लेकिन उनकी कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई।

### विधानसभा में भेजी गई थी गलत जानकारी, उच्च स्तरीय जांच की मांग

# विश्वविद्यालय के करोड़ों के भ्रष्टाचार की राज्यपाल से हुई शिकायत

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय भ्रष्टाचार के लिए काफी चर्चित हो चुका है। यहां करोड़ो रूपए का भ्रष्टाचार किया गया और विधानसभा प्रश्न के उत्तर में भ्रामक जानकारी भेजी गई। जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराने के लिए चौबे कालोनी छतरपुर निवासी प्रघुम्न सिंह यादव ने राज्यपाल के नाम 18 बिंदुओ का एक शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें बताया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा बिना निविदा बिना प्रशासकीय स्वीकृत लिए करोड़ो के कार्य, खरीदी गई सामग्री का भुगतान किया गया है। छतरपुर विधायक ललिता यादव द्वारा इनके भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के विरूद्व जब विधानसभा में प्रश्न लगाए, तो विश्वविद्यालय ने शासन व विधानसभा को असत्य एवं भ्रामक जानकारी प्रेषित कर आर्थिक अपराध किया है। इसकी उच्च स्तरीय विधानसभा प्रश्नोउत्तरी जांच समिति से जांच कराई जाए।




### किन किन बिंदुओं की भेजी गई शिकायत

राज्यपाल के नाम भेजे गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि जब छतरपुर विधायक के द्वारा विधानसभा के संलग्न प्रश्न 2085 के उत्तर में कुलसचिव ने असत्य जानकारी भेज कर शासन को गुमराह किया, क्योंकि विश्वविद्यालय में कुल स्वीकृत पद 236 है। परंतु कर्मचारी 319 पदस्थ है जिनकी बेतन आहरित हो रही है। उत्तर में कुलसचिव ने 90 कर्मचारी रखे जाने की जानकारी दी इसी तरह प्रश्न 2088 में जानकारी चाही गई थी कि विश्वविद्यालय में बर्ष 2022-23 एवं 24 में विभिन्न खेलों पर तथा युबा उत्सव दीक्षांत समारोह में कितनी राशि व्यय की गई तथा कितनी राशि का समयोजन किया गया। परंतु कुलसचिव ने किसी भी सामग्री खेल बिधा के आदेश एवं व्यय की छायाप्रति नही भेजी जबकि 36 लाख 60 हजार स्वीकृत हुए और कुलसचिव ने 11381 रूपए की जानकारी दी। इसी तरह प्रश्न क्रं.2089 के कुलसचिव ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय से किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा कोई सामग्री क्रय नही की गई। जबकि यह प्रमाणित है कि प्रो. हिमांशु अग्रवाल एवं के के अग्रवाल के नाम से सामग्री क्रय की गई जिसमें हिमांशु अग्रवाल ने 10 एसी का 4 लाख 94 हजार 200 रूपए का भुगतान किया। इसी तरह कृष्णकांत गगेले ने दूरोज फर्नीचर नागपुर से 2 लाख 16 हजार की 10 अलमारी क्रय की तथा अडर्डी प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर 50 हजार रूपए के डस्टबिन क्रय किए गए। इसी तरह प्रश्न 2084 में भी असत्य जानकारी दी गई। प्रशासकीय स्वीकृति 20 करोड़ की थी और कुलसचिव ने 40 करोड़ की बाउण्ड्रीवाल बनवाई जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं ली गई। 2 करोड़ रूपए से ज्यादा की सामग्री क्रय की गई और जानकारी सिर्फ 60 लाख रूपए की दी गई।

### स्मारिका व न्यूज लेटर प्रकाशन में भी भ्रष्टाचार

दीक्षांत समारोह 2023-24 की स्मारिका एवं न्यूज लेटर प्रकाशन में व्यापक भ्रष्टाचार किया गया है। सूचना के अधिकार के तहत जब जानकारी मांगी गई, तो तब पता चला कि जिस फर्म को भुगतान किया गया। उसकी निविदा 20.12.2021 की थी तथा भुगतान 2024 में 4 लाख 58 हजार रूपए कर दिया गया 500 स्मारिका की जगह 1500 स्मारिका का बिल बनाकर बंगुलामुखी इंटरप्राइजेज को भुगतान किया गया। किसी में भी प्रिटिंग प्रेस का नाम नहीं है इसी तरह न्यूज लेटर का 132750 रूपए का भुगतान कर दिया गया। पेपर प्रिटिंग फर्म इलाहाबाद को बिना निविदा के मनमानी दरों पर 1 करोड़ का भुगतान किया गया। जिसमें छात्र संख्या से 40 प्रतिशत अधिक पेपर प्रिंट कराए गए। और उसमें में भी कमीशन प्राप्त किया गया। परीक्षा परिणाम तैयार करने के नाम पर हाई सिक्योरिटी के नाम पर बिना स्वीकृर्ति अंकसूची छपवाई जा रही है जिसमें भी कमीशन सेट है विश्वविद्यालय में कुल पद 236 स्वीकृत है जबकि सभी श्रेणी में कुल 365 अधिकारियों कर्मचारियों का भुगतान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में आवंटित जमीन पर 10 करोड़ का कुलपति निवास एक बर्ष पूर्व तैयार हो चुका है लेकिन अभी भी किराए का बंगला लेकर कुलगुरू निवास कर रही है। रिकार्डिग रूम बनाने के नाम पर 50 लाख की लागत आई। गिरजेश जुआल पीएचडी शोधार्थी भी है एवं भौतिक विभाग में सहायक प्राध्यापक है साथ ही कान्फिडेशियल शाखा में भी कार्य कर रहें है। जिसकी भी जांच होनी चाहिए। विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर आपरेटर स्पर्श असाटी के पिता के नाम से अधिकतम कार्य कराएं जाते है विश्वविद्यालय में खरीददारी जेएम पोर्टल के माध्यम से तीन लोगों द्वारा पार्टियों से सेटिंग करके की जाती है। इसी तरह चार्टड अकांउटेड द्वारा विश्वविद्यालय का जो आडिट कराया गया जिसमें लगभग प्रतिवर्ष 100000 का भुगतान किया गया। किन्तु सत्र 2024-25 में एकल निविदा के आधार पर जिस फर्म की निविदा स्वीकार की गई उसे 12 लाख का भुगतान किया जा रहा है। यह भी जांच का विषय है।

**मेल-मिलाप का त्यौहार है दशहराः राजेश शुक्ला**

## बिजावर विधायक के दशहरा मिलन श्रंखला का हुआ शुभारंभ




**बिजावर।** बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने अपनी दशहरा मिलन श्रंखला का शुभारंभ रविवार को बिजावर के राम जानकी निवास मंदिर में किया। उपस्थित लोगों को तिलक लगाते हुए उन्होंने दशहरे की शुभकामनाएं दीं और कहा कि चूंकि यह यह त्यौहार मेल-मिलाप का है, इसलिए वे पिछले 15 वर्षों से लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे हैं। बिजावर विधायक ने बताया कि दशहरा मिलने के कार्यक्रमों के आयोजन की यह परंपरा विगत 15 वर्षों से चली आ रही है, जो विधायक बनने से पहले और बाद में निरंतर जारी रही। उन्होंने बताया कि हस वर्ष विधानसभा के आधा दर्जन स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। बिजावर के बाद कल मातगुवां, फिर सटई, ईशानगर, झमटुली और किशनगढ़ में कार्यक्रम होंगे। विधायक ने कहा कि ये मिलन जनता से जुड़ाव का माध्यम हैं, जहां त्योहार मनाते हुए विकास कार्यों और समस्याओं पर चर्चा होती है। विधायक श्री शुक्ला ने बताया कि दशहरा मिलन का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों से मिलना-जुलना है। हर 10-15 किमी के आसपास के क्षेत्र में एक आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा जनता से संपर्क बनाए रखते हैं। दशहरा के बहाने मिलन होता है, तो शंकर जी के बहाने जटाशंकर में, जन्मदिन पर भी जनता बुलाते हैं। क्षेत्र बड़ा होने से हर तीन महीने में कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित कर जनता से दूरी न हो। मोबाइल पर निवेदन से जनता आशीर्वाद देती है। ईश्वर की कृपा से जनता का विश्वास बना रहे। जनता ने चुना, इसलिए विकास में कमी न हो। सात वर्षों में गांव, मंदिर या अन्य कार्यों की मांगें पूरी करने का प्रयास किया। बकाए कार्य धीरे-धीरे पूरे होंगे। राम जानकी निवास मंदिर में पहला कार्यक्रम भव्य रहा, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और नागरिक शामिल हुए। विधायक ने त्यौहार के बहाने सामाजिक समरसता को मजबूत करने पर जोर दिया। आधा दर्जन स्थानों पर आयोजन से विधानसभा क्षेत्र का हर कोना जुड़ेगा। यह प्रयास जनता के स्नेह और आशीर्वाद से सफल हो रहा, जो बुंदेलखंड की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रखता है।

# शहर के बीचों-बीच चल रहा था नकली खाद का कारोबार

**एसडीएम ने की छापामार कार्रवाई, मामले की जांच शुरु**



**छतरपुर। जिले में नकली खाद के कारोबार पर प्रशासन लगातार शिकंजा कस रहा है। बीती रात एक बार फिर सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बच्चा जेल के पास से 38 बोरी नकली डीएपी खाद जब्त की गई। एसडीएम अखिल राठौर के नेतृत्व में कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारकर उक्त खाद को जप्त किया है।**

एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि सूचना मिलने पर कृषि विभाग और पुलिस की टीम ने मौके पर छापा मारा, जहां घर में इफको कंपनी के नाम वाली बोरियों में भरी नकली खाद मिलीं। प्राथमिक जांच में सामने आया कि विजय शर्मा, जो कि मुकेश साहू के मकान में किराए से रहता है, ने यह खाद संदीप पाठक निवासी चौबे कॉलोनी से 1430 रुपये प्रति बोरी के हिसाब से खरीदी थी। विक्रेता ने 15 दिन पहले रात के अंधेरे में पिकअप से खाद भिजवाई थी। टीम ने मौके से सैंपल लेकर परीक्षण के लिए भेजे हैं, साथ ही घर का कमरा भी सील कर दिया गया है। एसडीएम श्री राठौर ने बताया कि जांच में संजय और महेंद्र पाठक के नाम सामने आए हैं, जिनसे खाद खरीदी जाने की बात कही जा रही है। सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई जारी है।

# भावांतर योजना को लेकर हुई बैठक किसानों की रैली का हुआ ऐलान




**बकस्वाहा।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी भावांतर भुगतान योजना को लेकर शनिवार को स्थानीय मंडी प्रांगण में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारियों, किसानों, किसान नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा सोयाबीन फसल के भावांतर भुगतान से संबंधित दिशा-निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि इस योजना से किसानों को फसल का उचित मूल्य मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी मंगलवार को मंडी प्रांगण से तहसील ग्राउंड तक एक विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसमें व्यापारी, किसान, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल होंगे। इस अवसर पर तहसीलदार भरत पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे, किसान संघ अध्यक्ष पंकज बन्ना, भाजपा नेता बलभद्र राय, मनीष जैन, और व्यापारी मुलायम फट्टा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# प्रशासन ने नगर पालिका के साथ हटाया अतिक्रमण

### हाथ ठेला और गुमटी संचालकों ने किया विरोध, किया चक्काजाम

**छतरपुर।** शहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने की मंशा से सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई प्रशासन ने नगर पालिका के साथ मिलकर की। पन्ना नाका और सटई रोड पर की गई कार्रवाई के दौरान कुछ हाथ ठेला और गुमटी संचालकों ने भेदभाव पूर्ण कार्रवाई किए जाने के आरोप लगाकर जाम लगा दिया था, जो बाद में अधिकारियों की समझाइश पर शांत हुए। अधिकारियों ने बताया कि शहर के अन्य इलाकों में भी आने वाले दिनों में कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीते रोज छतरपुर विधायक द्वारा शहर का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद रविवार को सुबह से ही प्रशासनिक अमला, नगर पालिका की टीम को साथ लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंच गया। पन्ना नाका और सटई रोड पर सड़क के दोनों किनारों पर फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर चला। इस कार्रवाई के दौरान छोटे दुकानदारों की गुमटियां, हाथ ठेले और होटल लैंडमार्क व ट्रेड्स मॉल के बाहर बनी अस्थायी पार्किंग को हटाया गया। इसी बीच कार्रवाई से नाराज कुछ दुकानदारों ने प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को संभाला और प्रदर्शनकारियों को शांत करवाकर कार्रवाई को आगे बढ़ाया। इस मौके पर



छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर, मुख्य नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा, सीएसपी अरुण कुमार सोनी, सिविल लाइन थाना का पुलिस बल और नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।



### सीएमओ ने कहा- निरंतर जारी रहेगा अभियान

मुख्य नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि शहर में अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति रोजाना बनती है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती है। पन्ना नाके पर सड़क किनारे रखे हाथ ठेले, गुमटियां और अस्थायी पार्किंग हटाई गई। उन्होंने कहा कि नगर पालिका ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है और चौराहों पर भी जल्द कार्रवाई होगी। शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए यह अभियान निरंतर चलेगा। सीएमओ ने नागरिकों से सहयोग की अपील की, ताकि आवागमन सुगम हो और शहर की स्वच्छता बनी रहे।

अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान फल विक्रेता सुनील कुमार साहू, राममिलन गुप्ता सहित कुछ अन्य दुकानदारों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने छोटे व्यापारियों को निशाना बनाया है, जबकि बड़े प्रतिष्ठानों पर नरम रवैया अपनाया गया। उन्होंने कहा कि अचानक हुई इस कार्रवाई से उनकी आजीविका प्रभावित होगी, वैकल्पिक व्यवस्था के बिना यह कार्रवाई अन्यायपूर्ण है। वहीं अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि व्यापारियों की समस्याओं पर विचार किया जाएगा।

## ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने आयोजित किया दशहरा मिलन समारोह



**छतरपुर।** रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (सनातन), मध्य प्रदेश महिला प्रकोष्ठ द्वारा दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चौबे कॉलोनी स्थित एक निजी होटल में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की अपील के मुताबिक सामूहिक राष्ट्रगीत से हुआ, जिसके बाद समाज की वरिष्ठ और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों को भी सम्मान-पत्र भेंट किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पद्मश्री उर्मिला पांडेय ने दशहरा पर्व पर भावपूर्ण भजन प्रस्तुति दी, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भुवनेश्वरी पाठक, नम्रता शुक्ला, धीरज मिश्रा, प्रिंसी पटेरिया, पिंकी शर्मा, दीप्ति पांडेय, अनुराधा दिहुलिया, नेहा मिश्रा, नीरज मिश्रा, मीना दुबे, वंदना दुबे, जयश्री चतुर्वेदी, मंजुला त्रिपाठी, अभिलाष त्रिपाठी, मोहिनी शुक्ला सहित ब्राह्मण समाज की अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं।

**जिले भर में होंगे सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में विद्या भारती की पहल

**छतरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में विद्या भारती द्वारा महिलाओं के जागरूकता कार्यक्रम सप्त शक्ति संगम के आयोजन की जानकारी देने के लिए रविवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिचाई कॉलोनी में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में बताया गया कि महाकौशल प्रांत के समस्त सरस्वती शिशु मंदिरों (नगरीय, ग्राम भारती और संस्कार केंद्र) में यह कार्यक्रम होगा। गल्ला मंडी विद्यालय की प्रधानाचार्य नेहा पाटकर ने बताया कि यह कार्यक्रम श्रीमद्भागवत गीता के दसवें अध्याय के 34वें श्लोक से प्रेरित है, जिसमें नारी की सात शक्तियों- कीर्ति, श्री (लक्ष्मी), वाक (वाणी), स्मृति, मेधा, धृति (धैर्य) और क्षमा का वर्णन है। आयोजन का उद्देश्य नारी में इन गुणों को जागृत कर उन्हें सप्त शक्ति के रूप में सशक्त बनाना है, ताकि वे मातृत्व के सिंहासन से समाज और विश्व का कल्याण करें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन हेतु 5 अक्टूबर, 11-12 अक्टूबर, 21 अक्टूबर, 26 अक्टूबर, 2 नवंबर, 9 नवंबर, 16 नवंबर, 23 नवंबर और 7 दिसंबर की तिथियां चुनी गई हैं। प्रत्येक कार्यक्रम में 250-300 मातृशक्तियों को कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध, स्वदेशी बोध जैसे विषयों पर प्रांत निर्धारित वक्ताओं द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। यह पूरी तरह महिलाओं का महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा आयोजित होगा, पुरुषों की कोई भूमिका नहीं। जिले के 20 से अधिक कार्यक्रमों से 10,000 से अधिक महिलाओं का प्रबोधन होगा, जो संघ के पंच परिवर्तन संकल्प को पूरा करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री की वंदन शक्ति योजना के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एरिया में जाकर समूह बनाकर जागरूक किया जा रहा। योजना का उद्देश्य महिलाओं को छोटे उद्योगों और घरेलू उत्पादों से जोडना है, ताकि वे वोकल फॉर लोकल के नारे को साकार करें। महिलाओं को समझाया जा रहा कि घरेलू उत्पादों को बाजार तक पहुंचाकर आत्मनिर्भर बनें, आर्थिक उन्नति करें। योजना से महिलाओं को वित्तीय मदद और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।






# मोटे के महावीर मंदिर में आज लगेगा श्वास रोग निदान शिविर

**छतरपुर।**

श्री मोटे के महावीर मंदिर समिति द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्वास रोग निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के लिए 5 और 6 अक्टूबर को रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं और 6 अक्टूबर यानि की आज रात को मंदिर परिसर में दवा वितरण किया जाएगा। समिति के सदस्य जगदीश प्रसाद मिश्र ने बताया कि अभी तक कुल 1400 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि 30 रुपये के पंजीकरण शुल्क पर मरीजों को खीर के रूप में दवा दी जाती है। दवा, खुले आसमान के नीचे आज रात 9 से 12 बजे तक वितरित होगी। श्वास संबंधी रोगियों से अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील उनके द्वारा की गई है।

## खबर संक्षेप

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान हो रहा है संचालित

रीवा । गांधी जयंती 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों में ₹दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान₹ संचालित हो रहा है। प्रदेश में दुग्धोत्पादन के लक्ष्य को दोगुना करने हेतु शासन द्वारा इस महत्वाकांक्षी अभियान को तीन चरण में कियान्वित किया जा रहा है। इस अभियान अन्तर्गत पशुपालन विभाग के अमले एवं मैत्री कार्यकर्ताओं द्वारा पशुपालक को गृह भेंट देकर पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु प्रजनन (नस्ल सुधार) हेतु जागरूक किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत 10 एवं 10 से अधिक गाय/भैंस वंश के पशु पालक के मध्य गृह भेंट प्रदान की जावेगी। अभियान में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में ₹दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान₹ अन्तर्गत पर्यवेक्षण करने के लिये एस.डी.एम. तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक विकासखंड के न्यूनतम चार ग्रामों का भ्रमण के निर्देश दिये हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा भी न्यूनतम तीन ग्रामों का भ्रमण किया जाकर पर्यवेक्षण किया जायेगा।

### उप मुख्यमंत्री सुंदरकाण्ड पाठ आयोजन में हुए शामिल



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल गीतांजलि पब्लिक स्कूल में आयोजित संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजकों ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में सांसद  जनार्दन मिश्र, पूर्व न्यायाधीश ए.के. सिंह भी उपस्थित रहे।

### भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति आज तक आमंत्रित

रीवा । नगर निगम रीवा द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवेदन दिया गया है। इसके लिए ग्राम रीवा पटवारी हल्का रीवा की शासकीय आराजी नम्बर 109 रकवा 0.9300 हेक्टेयर तथा आराजी नम्बर 1010 रकवा 0.2590 हेक्टेयर का आवंटन किया जाना है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए ग्राम अनंतपुर पटवारी हल्का अनंतपुर की शासकीय आराजी नम्बर 971/1 रकवा 5.5930 हेक्टेयर में से रकवा 2.0595 का आवंटन किया जाना है। इसके साथ ही महाप्रबंधक मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना कार्यान्वयन इकाई रीवा द्वारा कार्यालयीन भवन निर्माण के लिए भी भूमि आवंटन के संबंध में आवेदन दिया गया है। कार्यालयीन भवन के निर्माण के लिए ग्राम रीवा पटवारी हल्का रीवा की शासकीय आराजी नम्बर 716 रकवा 26.2830 हेक्टेयर में से रकवा 0.25 हेक्टेयर का आवंटन किया जाना है। इस संबंध में तहसीलदार हुजूर नगर शिवशंकर शुक्ला ने बताया है कि इन भूमियों के आवंटन में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह आज 6 अक्टूबर तक हुजूर नगर न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि तक आपत्तियाँ प्राप्त न होने पर इन भूमियों के आवंटन संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

### फ्रॉड कॉल से घबराया युवक, खुद ही रच ली गिरफ्तारी की झूठी कहानी

रीवा। बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के हटवा गांव में एक युवक ने अपनी ही गिरफ्तारी की झूठी कहानी रच डाली। युवक के फोन पर फर्जी पुलिस का काल  आया था, जिससे डर कर उसने अपनी गिरफ्तारी की झूठी कहानी बनाई। पहले तो युवक मिठाई लाल कोल ने अपने ही भाई को फोन कर सतना जिले की नागौद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की सूचना दी जिसके बाद मोबाइल फोन को बंद कर लिया। परिजनों ने मामले की जानकारी बैकुंठपुर पुलिस को दी तो पुलिस ने नागौद पुलिस से संपर्क किया तो गिरफ्तारी की सूचना  सरासर झूठी निकली। ऐसे में अपहरण जैसी घटना की आशंका के चलते पुलिस ने युवक की तलाश तेज कर दी और साइबर सेल की मदद से युवक को घटना के दूसरे दिन मौसेरी बहन के घर गढ़ थाना क्षेत्र के अतैरला से खोज निकाला। थाना प्रभारी बैकुंठपुर जेपी पटेल ने बताया कि युवक के लापता होने की घटना महज एक मनगढ़ंत कहानी साबित हुई है, युवक  फोन कॉल के माध्यम से फ्रॉड द्वारा दी जा रही धमकियों से परेशान होकर मनगढ़ंत कहानी रचा था। घटना 2 अक्टूबर की रात तकरीबन 9 बजे पुलिस के सामने आई थी। परिजनों ने  मिठाई लाल सकेत 35 वर्ष को सतना की नागौद पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर ले जाने की जानकारी दी थ्थ्री। परिजनों के बताएं अनुसार जब नागौद पुलिस से संपर्क किया गया तो उन्होंने ऐसी किसी भी प्रकार की कार्रवाई से साफ इंकार कर दिया। वहीं युवक का मोबाइल फोन बंद हो जाने के बाद से पुलिस और परिजन हैरत में पड़ गए थे। हालांकि पुलिस ने युवक की तलाश बंद नहीं की ।

### विंध्य क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

# रीवा से दिल्ली हवाई सेवा प्रस्तावित

**72 सीटर प्लेन उड़ान को तैयार 27 अक्टूबर से हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी, जल्द ही इंदौर और मुंबई तक भी बढ़ेगी पहुंच**

विंध्य क्षेत्र की जनता को लंबे समय से जिसका इंतजार था, वह अब हकीकत बनने जा रहा है। रीवा एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए सीधी हवाई सेवा 27 अक्टूबर से शुरू होने जा रही है। यह पहली बार होगा जब रीवा से 72 सीटर एटीआर विमान उड़ान भरेगा।

रीवा।




इस नई उड़ान सेवा का संचालन एलायंस एयरलाइंस द्वारा किया जाएगा, जो दिल्ली से प्रयागराज होते हुए रीवा पहुंचेगी।रीवा से नई दिल्ली के बीच हवाई सेवा की शुरुआत एलाइंस एयर कंपनी की ओर से किया जाएगा। कुछ दिन पहले ही कंपनी के अधिकारियों ने रीवा एयरपोर्ट का निरीक्षण किया था। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों की ओर से भी इसकी तैयारियां की जा रही है वही एयरपोर्ट अथॉरिटी और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के बीच सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और इस सप्ताह उड़ान का आधिकारिक शेड्यूल भी जारी होने की उम्मीद है। शुरुआत में यह सेवा सप्ताह में चार दिन उपलब्ध होगी, जिसे भविष्य में नियमित किया जाएगा। रीवा एयरपोर्ट की यह उड़ान केवल दिल्ली से कनेक्टिविटी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रयागराज से भी रीवा की हवाई कनेक्टिविटी स्थापित करेगी। इसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में यात्रा करने वाले यात्रियों को मिलेगा।एलायंस एयरलाइंस ने रीवा एयरपोर्ट पर स्टेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 6 सीटर से शुरुआत कर चुका रीवा एयरपोर्ट अब 72 सीटर विमान के लिए तैयार हो चुका है। यह न सिर्फ रीवा, बल्कि पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। बता दे दीवाली और छठ जैसे बड़े पर्वों के बीच यह सेवा शुरू होना रीवा और आसपास के लाखों यात्रियों के लिए एक बड़ी सौगात है। विशेषकर उन लोगों के लिए जो दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब या उत्तर भारत के अन्य शहरों में रहते हैं और त्यौहारों के समय घर लौटना चाहते हैं। इसका फायदा सिंगरौली, सीधी, सतना, रीवा और शहडोल को मिलेगा।बॉक्स इंदौर के लिए भी उड़ान सेवा जल्द, मुंबई तक कनेक्टिविटी की तैयारीरीवा से दिल्ली के बाद अगला बड़ा कदम इंदौर के लिए सीधी उड़ान सेवा होगी। इसका संचालन इंडिगो एयरलाइंस करेगी। इंडिगो ने रीवा एयरपोर्ट पर स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। संभावना है कि यह सेवा जनवरी 2026 से प्रारंभ हो सकती है। मिली जानकारी अनुसार रीवा-इंदौर फ्लाइट की टाइमिंग इस तरह तय की जाएगी कि यात्री एक ही टिकट में नवी मुंबई तक अपनी यात्रा पूरी कर सकें। इंडिगो ने 26 अक्टूबर से 28 मार्च तक के विंटर शेड्यूल में इस सेवा को शामिल किया है, हालांकि बुकिंग अभी शुरू नहीं हुई है।बॉक्स पहले भी मिली थीं उड़ानें, लेकिन अब आकार बड़ाज्ञात हो कि रीवा एयरपोर्ट से पहली बार 6 सीटर विमान से भोपाल के लिए उड़ान शुरू हुई थी, जो बाद में यात्री संख्या बढ़ने पर नियमित कर दी गई। इसके बाद 16 सीटर विमान भी सेवा में आया। अब 72 सीटर विमान की शुरुआत रीवा की हवाई सेवाओं को एक नया आयाम देने जा रही है। वर्तमान में रीवा से फ्लाईबिग एयरलाइंस द्वारा भोपाल और खजुराहो के लिए सेवाएं दी जा रही हैं। इनमें से भोपाल के लिए यात्री भार सबसे अधिक है, और अक्सर सीटें पहले से ही फुल हो जाती हैं। इससे यात्रियों को ट्रेन या सड़क मार्ग से यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे में दिल्ली और आने वाले समय में इंदौर जैसी प्रमुख लोकेशनों से सीधी कनेक्टिविटी रीवा और विंध्य क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है।बॉक्स डिप्टी सीएम का सपना हुआ साकाररीवा से बड़े विमानों की उड़ान का सपना डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला ने विंध्य क्षेत्र के लोगों को दिखाया था। आज वह सपना हकीकत में बदलता दिखाई दे रहा है। रीवा के इस नए हवाई युग की शुरुआत से न केवल पर्यटन और व्यापार को बल मिलेगा, बल्कि यह क्षेत्र राज्य और देश के दूसरे हिस्सों से और अधिक जुड़ पाएगा।




## अमहिया पुलिस की कार्यवाही, अड़ीबाज़ी कर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रीवा।

पुलिस अधीक्षक रीवा  शैलेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा  आरती सिंह के निर्देशन मे नगर पुलिस अधीक्षक रीवा रितु उपाध्याय  के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के नेतृत्व में थाना अमहिया में  दिनांक 04.06.25 को फरियादी दीपक गुप्ता पिता संभू प्रसाद गुप्ता उम्र 22 साल निवासी ग्राम बकछेरा थाना सगरा जिला रीवा को अपने पिता शंभू प्रसाद गुप्ता एवं भाई विष्णु गुप्ता के साथ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया की मैं अर्जुन नगर रीवा मे गुड्डी तिवारी के घर मे किराए का कमरा लेकर रहता था सिरमौर चौराहा रीवा में फास्ट फूड का ठेला  लगाता था आज दिनांक 04.06.25 को दिन में करीबन 10.00 बजे गुड्डी तिवारी का किराये का कमरा खाली कर रहा था उसी दौरान उसका लडका  करन तिवारी एवं मोनू तिवारी आए तथा बोले कि शराब पीने के लिए 1000 रुपये चाहिए नही तो तुमको यहां से हिलने नही देंगे मैं पैसा देने से मना किया उसी समय गौरव तिवारी भी आ गया तीनो मुझे मां बहन की अश्लील गाली देने लगें गाली देने से मना किया तो तीनों लात मुक्का एवं नल वाली पाईप से मुझे मारने लगे हल्ला गोहार किया तो मेरा भाई विष्णु गुप्ता एवं पिता शंभू प्रसाद गुप्ता आकर बीच बचाव करने लगे उसी बीच रितिक गुप्ता भी आ गया तब सभी लोग मिलकर मुझे एवं मेरे भाई तथा पिता के साथ धक्का मुक्की एवं मारपीट करने लगे थे मारपीट से मेरे  बाए हाथ की कलाई मे ,बाए पैर में , एवं दाहिने घुटनें मे चोट आई है एवं पिता के दाहिने हाथ की बीच वाली उंगली में चोंट आई है। विष्णु गुप्ता के कोई चोंट नही आई है। तब सभी लोग बोल रहे थे की आज तो इतना ही मारे है किसी दिन जान से मार देंगें । जिस पर से थाना अमहिया  में अप. क्र.164/25 धारा-296,115(2) 351(2),119(1),3(5) बी.एन.एस पंजीबद्ध कर थाना अमहिया पुलिस द्वारा आरोपियों की पता तलाश कर दिनांक 04.10.25 को आरोपी कमल तिवारी उर्फ मोनू  पिता जागेश्वर प्रसाद उम्र 32 वर्ष ,करण तिवारी पिता जागेश्वर प्रसाद तिवारी उम्र 20 वर्ष दोनो निवासी अमहिया वार्ड क्र.23 थाना अमहिया जिला रीवा  को गिरफ्तार कर  न्यायालय रीवा के समक्ष प्रस्तुत कर, केन्द्रीय जेल रीवा निरुद्ध किया गया ।उपरोक्त कार्यवाही मे  थाना प्रभारी उप निरी. शिवा अग्रवाल, सउनि संतोष पाण्डेय, आरक्षक कौशलेन्द्र सिंह , आर. विवेक सिंह, आरक्षक शिवाकांत शर्मा, आरक्षक विकास तिवारी ,आरक्षक दिवाकर तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नशीली कफ सिरप की तस्करी करते शातिर बदमाश सहित तीन गिरफ्तार

**नशे का कारोबार शुरू करने के लिए चोरी की वारदात को बदमाश देते थे अंजाम**

**कार से 280 शीशी कफ सिरप और कट्टा बरामद**

रीवा ।




शहर के सामान थाना पुलिस ने चोरों की एक ऐसी गैंग को पकड़ा है जो जेल से छूटने के बाद नशा कारोवार को फिर से खड़ा करने के लिए गैंग बनाकर ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर जिले मे सनसनी फैला कर रखी थी, आरोपी की पुलिस ने गिरोह के साथ नशीली सिरप की तस्करी करते पकड़ा है, जिससे अब चोरियों का सामान बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने नशे के कारोबार में लिप्त लुटेरों की एक गैंग का पर्दाफाश करते हुए 280 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप और एक देशी कट्टा बरामद किया है। पकड़े गए तीनों आरोपी चोरी और लूट की घटनाओं में भी शामिल पाए गए हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई रतहरा नहर के पास घेराबंदी कर की, जहां आरोपी स्विफ्ट कार में सवार होकर नशीली दवाओं की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। इन पर एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है, जिससे और भी संगीन मामलों का खुलासा होने की संभावना है। समान थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि उन्हें रतहरा नहर क्षेत्र में सफेद स्विफ्ट कार में सवार कुछ संदिग्ध युवकों द्वारा नशीली कफ सिरप की बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद समान थाना और अमहिया थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कार को रोक लिया। कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान मोहम्मद इरशाद, निवासी अमहिया,असरानी उर्फ अनस, निवासी अमहिया, हिमांशु साहू, निवासी निपानिया इनके कब्जे से 280 शीशी नशीली कफ सिरप, एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरोह का सरगना मो. इरशाद कई संगीन मामलों का आरोपी है और जेल से छूटने के बाद एक बार फिर आरोपी अपने नशा कारोबार के नेटवर्क को फैलाना चाहता था। पैरों के लिए उसने ताबड़तोड़ चोरियां शुरू कर दी। आशंका जताई जा रही है कि पकड़ी गई नशीली सिरप आरोपी ने चोरी के पैरों में खरीदी थी।ब्लॉक्सचोरी की दो वारदातें भी कबूलींपुलिस पूछताछ में आरोपियों ने समान थाना क्षेत्र के लालन टोला मोहल्ले में एक मकान में घुसकर चोरी की कोशिश करने की बात कबूल की है। इस दौरान जब मकान मालिक ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ने की कोशिश की, तो उन्होंने उसे कट्टा दिखाकर धमकाया और मौके से फरार हो गए थे। इसके अलावा, इन्होंने बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के तेंदुन गांव में भी एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात मानी है। पुलिस का मानना है कि ये आरोपी जिले में हुई अन्य चोरी और लूट की घटनाओं में भी शामिल हो सकते हैं। उनसे पूछताछ जारी है।

## धारदार हथियार के साथ शातिर बदमाश पकड़ाया आरोपी के खिलाफ दर्ज है 13 आपराधिक प्रकरण



रीवा।

जिले के सिरमौर थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी शातिर बदमाश है, जिसके खिलाफ सिरमौर थाना में अलग-अलग धारा में 13 प्रकरण पंजीबद्ध है।  सिरमौर थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी जितेंद्र मिश्रा उर्फ पप्पू पिता दिनेश कुमार मिश्रा 34 वर्ष निवासी शाहपुर सिरमौर स्थित टीएचपी गेट के समीप धारदार चाकू लेकर घूम रहा है जो किसी बड़ी वारदात की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया जिसने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर आर्मस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को न्यायलय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी क्षेत्र का आदतन बदमाश है, जिसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक गंभीर मामले सिरमौर थ्ज्ञाना में दर्ज है।

### 18 से 20 अक्टूबर तक काम बंद, नियमितीकरण की मांग

## बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मियों का आंदोलन

रीवा।

बिजली विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। 18 से 20 अक्टूबर तक यह कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर कामकाज ठप रखेंगे। यह अवधि धनतेरस से दीपावली तक की है, ऐसे में त्योहारी सीजन में बिजली व्यवस्था पर व्यापक असर पड़ने की संभावना है। बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन ने इस तीन दिवसीय आंदोलन का आह्वान किया है। संगठन के प्रांतीय संयोजक मनो भार्गव और महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने बताया कि प्रदेशभर में लगभग 45 हजार आउटसोर्स कर्मचारी बिजली विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से रीवा जिले में ही करीब एक हजार कर्मी कार्यरत हैं। बिजली विभाग में आखिरी बार 1992 में सीधी भर्ती की गई थी। उसके बाद से विभागीय रिक्त पदों को भरने के लिए कोई बड़ी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। वर्तमान में विभाग में लगभग 49,263 पद रिक्त हैं, जिन्हें भरने की मांग कर्मचारी संगठन कर रहा है।आउटसोर्स कर्मचारी संगठन की प्रमुख मांग है कि इन रिक्त पदों को मौजूदा आउटसोर्स कर्मचारियों के अनुभव को मान्यता देते हुए विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरा जाए। संगठन का तर्क है कि पहले भी विभाग में डेली वेजेस और मस्टर रोल कर्मियों को अनुभव के आधार पर नियमित किया जाता रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इसके साथ ही संगठन ने यह भी मांग रखी है कि आने वाले वर्षों में होने वाली सीधी भर्तियों में 50 प्रतिशत पद आउटसोर्स कर्मियों के लिए आरक्षित किए जाएं, जैसा कि अतिथि शिक्षकों के मामले में किया गया है। संगठन ने तमिलनाडु मॉडल को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा है कि वहां की तरह मध्यप्रदेश में भी मुख्य कार्यों के लिए सीधी भर्ती की जाए और छोटे पदों को बनाकर नियमित किया जाए।दीपावली पर बिजली संकट की आशंकात्योहारी सीजन में इस आंदोलन के चलते बिजली आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। चूंकि ये कर्मचारी फील्ड से लेकर तकनीकी कार्यों तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हैं, ऐसे में इनकी गैरमौजूदगी से उपभोक्ताओं को असुविधा हो सकती है।

# पुलिस ने 2 वर्ष से फरार दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

मऊगंज



थाना प्रभारी हनुमना निरीक्षक अनिल काकड़े के नेतृत्व मे  पुलिस स्टाफ द्वारा 02 हजार रुपये के इनामी लगभग 02 वर्ष से फरार दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है घटना के बारे मे बताया गया कि दिनांक 25.05.2024 को फरियादिया थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई थी कि विनायक उर्फ गोलू पटेन पिता रविन्द्रनाथ पटेल निवासी दुबगवां थाना हनुमना जिला मऊगंज (म.प्र.) का मेरे घर में घुसकर मेरे साथ बलात्कार, मारपीट व गाली गलौज किया जिस पर अपराध धारा 450,376,294, 323 ता. हि. का पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी की पता तलास वक्त दिनांक कायमी से लगातार की जा रही थी। किन्तु अपने सकूनत से फरार था जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक मउगंज द्वारा 02 हजार रुपये का इनाम उदघोषित किया गया था। मुखबिर से सूचना मिलने पर आरोपी विनायक उर्फ गोलू पटेल पिता रविन्द्रनाथ पटेल निवासी दुबगवां थाना हनुमना जिला मऊगंज (म.प्र.) को आज दिनांक 05.10.2025 को गिरफ्तार किया जाकर जे. आर. पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।